भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH
कृषि भवन, डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद मार्ग, नई दिल्ली–110 114
Krishi Bhawan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi 110 114

फा.सं.रा.भा.2(1)/2018-हिन्दी

दिनांक 17 अक्टूबर, 2019

परिपत्र

विषय :- "**भाकृअप में राजभाषा हिन्दी के बदलते आयाम**" विषय पर दो दिवसीय हिन्दी कार्यशाला के आयोजन का कार्यवृत्त।

उपर्युक्त विषय में यह उल्लेख है कि सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से 'क' क्षेत्र के उत्तर भारत में स्थित संस्थानों में कार्यरत हिन्दी अधिकारियों के लिए **दिनांक 30 और 31 अगस्त, 2019** को केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान, बीकानेर में दो दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न वैचारिक सत्रों में विचार विमर्श के पश्चात् राजभाषा के कारगर कार्यान्वयन के लिए की गई सिफारिशों के आधार पर सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से निम्नलिखित निर्णय लिए गए हैं :-

1. सभी विश्वविद्यालयों में अन्य विषयों के साथ ही साथ हिन्दी को भी पढ़ाने के लिए अनिवार्य रूप से एक नॉन-क्रेडिट पाठ्यक्रम चलाया जाए।
2. वैज्ञानिकों को लोकप्रिय विज्ञान लेखन के लिए प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें मानक तकनीकी शब्दावली की प्रति उपलब्ध कराई जाए।
3. प्रत्येक संस्थान अपने अधिदेश से संबंधित शब्दावली तैयार करें जिसमें उस क्षेत्र से संबंधित स्थानीय शब्दों को भी शामिल किया जाए और इस प्रकार तैयार की गई शब्दावली को अपनी वेबसाइट पर अपलोड करें।
4. हिन्दी में ज्ञान विज्ञान से संबंधित मौलिक विज्ञान लेखन को बढ़ावा देने के लिए वैज्ञानिक संगोष्ठियों का आयोजन किया जाए जिसमें वैज्ञानिकों को अपने शोध पत्र हिन्दी में प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।
5. हिन्दी के कार्य से जुड़े अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए कार्य दक्षता प्रबंधन प्रशिक्षण का नियमित रूप से आयोजन किया जाए।
6. संस्थान की अनुसंधान उपलब्धियों को हिन्दी एवं स्थानीय भाषाओं के माध्यम से किसानों तक पहुंचाया जाए।
7. परिषद के प्रत्येक संस्थान अपनी-अपनी शब्दावली तैयार कर परिषद मुख्यालय को भेजें जिसे मुख्यालय में समेकित कर मानक कृषि शब्दावाली का निर्माण किया जा सके और उसका प्रकाशन किया जा सके।

कृपया उपर्युक्त मदों पर अपेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा इस संबंध में की गई कार्रवाई से परिषद को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

(एम.एल. गुप्ता) 17/10/2019
उप निदेशक (राजभाषा)

वितरण:-

1. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अधीनस्थ सभी संस्थानों/निदेशालयों/ब्यूरो/केन्द्रों के निदेशकों को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
2. परियोजना निदेशक (डीकेएमए), कृषि अनुसंधान भवन - I, पूसा, नई दिल्ली -12 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की कृपया इसे आईसीएआर की वेबसाइट पर अपलोड करें।